भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †156
सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों की संख्या में गिरावट

†156. श्रीमती साजदा अहमदः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दो वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की देश-वार संख्या कितनी है;

(ख) देश के विभिन्न स्थानों पर विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आने के प्रमुख कारण क्या हैं; और

(ग) विदेशी पर्यटकों की संख्या में हो रही गिरावट से निपटने और देश में और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए क्या विशेष प्रयास किए गए हैं अथवा किए जाने का विचार है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): आप्रवासन ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वर्ष 2023 में 9.52 मिलियन विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) के आंकड़े दर्ज किए, जो 2022 की तुलना में 47.9% की वृद्धि को दर्शाता है। प्रमुख देशों से वर्ष 2022 और वर्ष 2023 के दौरान भारत में एफटीए का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में अधिकाधिक विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए निम्नानुसार अनेक कदम उठाए हैं:-

- पर्यटन मंत्रालय देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' की योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- पर्यटन मंत्रालय अपने विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारत के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। इनमें से कुछ पहल देखो अपना देश अभियान, चलो इंडिया अभियान, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट, भारत पर्व हैं।

- अतुल्य भारत सामग्री हब लॉन्च किया गया जो कि एक व्यापक डिजिटल कोष है, जिसमें भारत में पर्यटन से संबंधित उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार पत्रों का एक समृद्ध संग्रह है। मंत्रालय की वेबसाइट-www.incredibleindia.org और सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से भी प्रचार किया जाता है।
- अन्य विशिष्ट थीमों में निरोगता पर्यटन, पाक पर्यटन, ग्रामीण, इको-पर्यटन आदि जैसे विषयगत पर्यटन को बढ़ावा दिया जाता है ताकि पर्यटन के दायरे को अन्य क्षेत्रों में भी बढ़ाया जा सके।
- क्षमता निर्माण, कौशल विकास पर केंद्रित पहलों जैसे 'सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण', 'अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता' (आईआईटीएफ), 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' के माध्यम से समग्र गुणवत्ता और आगंतुक अनुभव को बेहतर बनाया जाता है।
- महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए हवाई संपर्क में सुधार के लिए, अपनी आरसीएस-उड़ान योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने नागर विमानन मंत्रालय के साथ सहयोग किया है। अब तक, 53 पर्यटन मार्गों को प्रचालित किया जा चुका है।
- ई-वीजा योजना अब 167 देशों और 9 उप-श्रेणियों के लिए उपलब्ध है:-

I. ई-टूरिस्ट वीजा
II. ई-बिजनेस वीजा
III. ई-मेडिकल वीजा
IV. ई-कोन्फ्रेंस वीजा
V. ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा
VI. ई-आयुष वीजा
VII. ई-आयुष अटेंडेंट वीजा
VIII. ई- स्टूडेंट वीजा
IX. ई- स्टूडेंट एक्स वीजा

****

अनुबंध

श्रीमती साजदा अहमद द्वारा विदेशी पर्यटकों की संख्या में गिरावट के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †156 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

वर्ष 2022-2023 के दौरान प्रमुख देशों से भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) का विवरण:-

क्र. सं.	**देश**	**विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए)**	
		2022	**2023**
1	बांग्लादेश	12,77,557	21,19,826
2	संयुक्त राज्य	14,03,399	16,91,498
3	युनाइटेड किंगडम	6,41,051	9,20,591
4	ऑस्ट्रेलिया	3,76,898	4,56,167
5	कनाडा	2,89,259	3,85,938
6	श्रीलंका	1,83,459	2,80,327
7	मलेशिया	1,26,192	2,62,458
8	जर्मनी	1,41,425	2,23,575
9	नेपाल	1,38,203	1,95,445
10	फ़्रांस	1,20,282	1,88,981
11	सिंगापुर	1,32,668	1,83,772
12	रूसी संघ	97,911	1,64,125
13	जापान	64,196	1,50,521
14	थाईलैंड	54,367	1,16,060
15	इटली	62,226	1,16,031
16	कोरिया गणराज्य	49,423	97,726
17	मालदीव	71,707	83,776
18	नीदरलैंड	55,019	82,047
19	पुर्तगाल	69,522	81,916
20	स्पेन	39,658	73,412
21	न्यूज़ीलैंड	54,974	72,458
22	ओमान	56,474	71,980
23	संयुक्त अरब अमीरात	43,702	59,480
24	वियतनाम	37,232	57,284
25	म्यानमार	15,963	51,235
26	फ़िलिपींस	28,379	50,064
27	केन्या	35,743	49,574
28	इज़राइल	36,418	44,996

29	दक्षिण अफ़्रीका	25,860	41,969
30	स्विट्ज़रलैंड	25,255	41,004
31	मॉरिशस	24,743	40,442
32	आयरलैंड	30,959	39,166
33	सऊदी अरब	18,513	39,127
34	बेल्जियम	24,172	36,158
35	इराक	36,277	36,012
36	स्वीडन	22,372	36,007
37	पोलैंड	18,025	35,457
38	भूटान	20,772	35,123
39	तुर्की	18,996	33,590
40	इंडोनेशिया	13,961	32,677
41	चीन	11,762	30,585
42	पाकिस्तान	16,637	28,329
43	ऑस्ट्रिया	18,375	27,420
44	तंज़ानिया	18,581	26,790
45	कज़ाकस्तान	9,546	22,342
46	ब्राज़ील	12,301	21,977
47	यमन	19,022	21,400
48	डेनमार्क	12,331	20,200
49	नॉर्वे	13,449	20,057
50	ईरान	13,064	18,733
51	मेक्सिको	8,915	16,095
52	मिस्र	9,612	15,909
53	सूडान	24,930	14,791
54	बहरीन	9,959	13,932
55	फ़िनलैंड	8,781	12,241
56	चेक गणराज्य	6,287	11,656
57	यूक्रेन	7,304	11,502
58	नाइजीरिया	10,072	11,466
59	अर्जेंटीना	4,720	9,985
60	ग्रीस	4,988	9,206
61	हंगरी	4,298	8,156
62	अफ़गानिस्तान	1,617	1,204
	अन्य	2,07,704	3,68,957
	कुल योग	**64,37,467**	**95,20,928**

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो (बीओआई)

****